साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



महत्वपूर्ण एवं खास

## किशोरी को बालिका वधू बनने से बचाया

रूद्रपुर, (आरएनएस)। शहर के सुभाष कालोनी निवासी किशोरी को बाल कल्याण समिति और पुलिस ने बालिका वधू बनने से बचा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के परिजनों को हिदायत दी तो उन्होंने भी वर पक्ष को सूचना देकर अभी शादी करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद शादी की चल रही तैयारियां धरी की धरी रह गईं। शादी में आए नाते-रिश्तेदार भी चलते बने। पुलिस के मुताबिक सुभाष कालोनी निवासी 16 वर्षीय किशोरी की शादी गांधी कालोनी निवासी युवक से रविवार को होनी थी। इसकी सूचना किसी ने बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉ. रजनीश बत्रा को दी। इस पर रजनीश बाजार चौकी पहुंची और किशोरी की शादी की सूचना चौकी प्रभारी जसविंदर सिंह को दी। इसके बाद पुलिस टीम और बाल कल्याण समिति सुभाष कालोनी में किशोरी के घर पहुंचे। वहां शादी की तैयारियां चल रही थी। नाते रिश्तेदार भी पहुंचे हुए थे। पुलिस को देख एक बार के लिए सभी डर गए। बाद में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष और पुलिस किशोरी की मां और पिता से मिले। साथ ही उन्हें बताया कि नाबालिग का विवाह कानूनन अपराध है। बताया कि विवाह करने पर उन्हें और वर पक्ष को सजा हो सकती है। यह सुनकर किशोरी के परिजनों ने वर पक्ष को कॉल किया। साथ ही पुत्री के बालिग होने पर ही शादी करने की बात कही। बाद में पुलिस ने किशोरी के परिजनों से लिखित लिया कि वह बालिग होने पर ही पुत्री की शादी कराएंगे। इसके बाद पुलिस लौट आई। चौकी प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि नाबालिग की शादी की सूचना थी। इस पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष के साथ मौके पर पहुंचे और किशोरी के परिजनों को समझा-बुझाकर शादी रुकवाई गई। साथ ही उनसे लिखित में भी लिया गया है।

## स्वयं सेवियों ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

चम्पावत, (आरएनएस)। राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवियों का सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुल्तान सिंह यादव के साथ एनएसएस शिविरार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजन का शुभारंभ गीत से शुरू किया। बाद में शिविरार्थियों ने बिचई गांव से सैलानीगोठ मुख्य मार्ग तक नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली व नुक्कड़ सभा के माध्यम से समाज के लोगों को जागरूक भी किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि जीआईसी बिरिया मझोला खटीमा से आए हिन्दी प्रवक्ता महेन्द्र प्रताप पाण्डेय राजकीय आश्रम पद्धति खटीमा के हिन्दी प्रवक्ता राम रत्न यादव व राजकीय जिला शिक्षण संस्थान लोहाघाट के प्रवक्ता लक्ष्मी शंकर यादव व धीरज पाण्डेय ने समाज सेवियों में धैर्य, उत्साहवर्धन, आचरण व समाज सेवा को कविता के माध्यम से सम्बोधित किया। इस बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## किसानों को बताएं खेती की वैज्ञानिक तकनीक

बागेश्वर, (आरएनएस)। डीएम रंजना राजगुरु ने किसानों को वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी देने को कहा। इससे उनके उत्पादन को बढ़ाया जा सके। उन्होंने आत्मा परियोजना के तहत कृषि विकास से जुड़े रेखीय विभागों, अनुसंधान संगठनों से आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। उन्होंने 19 व 20 फरवरी को लगने वाले किसान मेले को सफल बनाने के लिए कार्य करने को कहा। विकास भवन सभागार में आत्मा परियोजना के गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए डीएम रंजना ने जिले के किसानों को प्रगतिशील किसानों के यहां भ्रमण कराने को कहा। उन्होंने कृषि अधिकारी को आवंटित धनराशि को समय से खर्च कर समायोजन प्रस्तुत करने को कहा। दलहन की खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कलस्टर की अलग पहचान होनी चाहिए। उद्यान अधिकारी को कलस्टर के रूप में कार्य कर किसानों को फल व सब्जी उत्पादन के लिए जागरूक करने को कहा।

## सत्गुरु की कृपा से ही होता है सत्य का बोध

देहरादून, (आरएनएस)। आत्मा को परमात्मा का बोध सत्गुरु की कृपा से होता है। जब सत्गुरु की कृपा से आत्मा का साक्षात्कार परमात्मा से होता है तो जन्म-जन्मातर से बिछड़ी हुई आत्मा अपने मूल स्वरूप परमात्मा को पाकर तृप्त हो जाती है। यह बात संत निरंकारी सत्संग भवन हरिद्वार रोड बाईपास में आयोजित सत्संग में श्रीनगर से पधारे कुलानन्द पोखरियाल ने साप्ताहिक सत्संग में पधारे हजारों प्रभु प्रेमी को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि संत वही है जो मन से समर्पित हो जाता है और संसार में जिसको भी परमात्मा के दर्शन हुये उसे समर्पण भाव से ही हुये है। जिन महात्माओं ने सत्गुरु की कृपा से परमात्मा के दर्शन किये है उनमें सबसे बड़ा गुण यही था कि उन्होंने एक परमात्मा की पहचान खुद भी की और कई आत्मा को भी कराई है। इस भावनाओं से संतों ने अपना यह लोक सुखी व परलोक भी सुहेला किया है। सच्चा धर्म हमें मानव के इसी शाश्वत् स्वरूप के साथ जोड़ता है, आत्मा का परमात्मा से सम्बन्ध बनाता है। संयोजक कलम सिंह रावत ने कहा कि गुरुपूजा दिवस पर 23 फरवरी को रैस्ट कैम्प भवन में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 24 फरवरी को दून अस्पताल, आई.एस.बी.टी. बस अड्डा एवं संत निरंकारी भवन, हरिद्वार रोड बाईपास में वृक्षारोपण एवं सफाई अभियान किया जायेगा। बाबा हरदेव सिंह ने संत निरंकारी मिशन को पूरे विश्व में नई उंचाईयां प्रदान की। विश्व एक परिवार के रूप में स्थापित है। यहां एकता, भाईचारे, एकत्व की भावना प्रतिपादित होती है। सत्संग समापन से पूर्व अनेकों भक्तों ने विभिन्न भाषाओं का सहारा लेकर गीत, भजन और विचारों द्वारा सत्गुरु का गुण ज्ञान किया। मंच संचालक अमित भट्ट ने किया।

# प्रदेश सरकार सैनिकों के सम्मान हेतु कटिबद्ध

हल्द्वानी, (आरएनएस)। आजादी के बाद जो युद्ध हुये है उन सभी युद्धों में वीरता पदक प्राप्त सैनिकों को सम्मानित करने के लिए हल्द्वानी में पहली बार प्रदेश सरकार की ओर से वीरता सम्मान समारोह आगामी 25 फरवरी को आयोजित किया जायेगा। जिसमें कुमाऊँ मण्डल के वीरता पदक विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह को भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने हेतु रविवार को कार्यक्रम संयोजक व मसरूी विधायक गणेश जोशी द्वारा सर्किट हाउस में जिलाधिकारी दीपेन्द्र चौधरी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियो के साथ बैठक की। बैठक में कार्यक्रम संयोजक जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है, प्रदेश में कुल जनसंख्या का 16 प्रतिशत सैनिक व अर्द्धसैनिक है, जो देश के हर मोर्चे मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सैनिकों के सम्मान हेतु कटिबद्ध है, और मुख्यमंत्री स्वयं सैनिक के पुत्र है। उन्होंने कहा कि वीरता सम्मान समारोह कुमाऊँ के द्वार हल्द्वानी में पहली बार आयोजित हो रहा है जिसमें स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत वीरता पदक प्राप्त सैनिकों को सम्मानित करेंगे। इसलिए कार्यक्रम को भव्य बनाने में सभी बढ़चढ कर प्रतिभाग कर अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह में वीर सैनिकों के साथ ही वीरांगनायें व सैनिक परिवार प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम नैनीताल रोड़ स्थित वाटिका बैंकेट हॉल में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। वीरता सम्मान समारोह में कुमाऊँ मण्डल के सभी जनपदों से वीरता पदक विजेता सैनिक अधिकारियों एवं उनकी वीरांगनाओं को कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया जा रहा है तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सैनिकों के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवासीय व अन्य व्यवस्थायें भी सुनिश्चित की जा रही है। बैठक मे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर बीएस रौतेला कार्यक्रम व्यवस्थाओं के नोडल बनाये गये जो कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियो से समन्वय करते हुये व्यवस्थायें सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अपर सचिव मुख्यमंत्री प्रदीप रावत, विशेष कार्याधिकारी धीरेन्द्र सिह पंवार, अपर जिलाधिकारी हरवीर सिह, सिटी मजिस्टेट पंकज उपाध्याय उपजिला धिकारी एपी बाजपेयी, निदेशक सैनिक कल्याण पुर्नवास ब्रिग्रेडियर के बी चंद, सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजीव मेहरा आदि मौजूद थे।

## आश्रम के परमाध्यक्ष समेत दो की मौत

हरिद्वार, (आरएनएस)। शनिवार रात गुरुग्राम से लौट रहे रामानंद आश्रम के परमाध्यक्ष समेत दो की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। गंभीर हालत में तीनों घायलों को जौलीग्रांट रेफर कर दिया गया है। हादसा देर रात दिल्ली-हरिद्वार हाईवे के कोर कॉलेज के पास अनियंत्रित होकर नदी में गिरने से हुआ। शनिवार देर रात्रि रामानंद आश्रम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत भगवानदास कार से अपने कुछ अनुयायियों के साथ गुरुग्राम से हरिद्वार स्थित आश्रम लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार बहादराबाद थाना क्षेत्र के दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर जब कार कोर कॉलेज के पास पहुंची तो नदी के पुल पर मोड़ होने से चालक नियंत्रण खो बैठा। जिससे कार अनियंत्रित होकर पुल से टकराकर नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार आश्रम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत भगवानदास महाराज (61 वर्ष) पुत्र रामकुमार दास और उनके भगत रुपेंद्र गोस्वामी (60 वर्ष) पुत्र एमएल गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार उनके अनुयायी महेश पंत पुत्र जयदेव पंत, हरेंद्र दास पुत्र वृंदावंद बिहारीदास निवासी रामानन्द आश्रम श्रवणनाथ नगर हरिद्वार, विमलेश गोस्वामी पुत्र मुनेश्वर गोस्वामी निवासी गुरुग्राम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने लोगों की मदद से मृतकों एवं घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जौलीग्रांट रेफर कर दिया। सीओ कनखल मनोज कत्याल ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

## जेसीआई शाहगंज शक्ति ने स्वच्छता अभियान के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जौनपुर, (आरएनएस)। जेसीआई शाहगंज शक्ति की ओर से फरीदुल हक डिग्री कालेज में स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छता सम्बन्धी जानकारी देने के साथ ही परिसर में कई स्थानों पर कूड़ेदान भी लगाये गये। इस मौके पर संस्थाध्यक्ष डा. रूचि मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर जेसीआई इण्डिया के निर्देशानुसार देश भर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्था नगर सहित आस-पास के इलाकों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये संकल्पित है। कालेज के प्राचार्य डा. तबरेज आलम ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुये विद्यार्थियों से सफाई को मूल मंत्र बना लेने की बात कही। अन्त में कार्यक्रम संयोजक संगीता जायसवाल ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. अमित गुप्ता, रियाज अहमद, डा. अनामिका मिश्रा, अलका गुप्ता, मेघना वर्मा, अनुपमा अग्रहरि, अंजू मिश्रा, प्रशांत, नायक, अंजर, धीरज यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा

सहारनपुर, (आरएनएस)। वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व मंत्री आशू मलिक ने कहा कि शेखुल हिन्द मौलाना महमूदुलहसन मेडिकल कालेज का नाम बदलने को लेकर लिखा गया राज्यमंत्री का पत्र स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शेखुल हिन्द ने देश की आजादी के लिए कई लडाई लडी। इसी के चलते प्रदेश की निवर्तमान सरकार ने उनके सम्मान में मेडिकल कालेज का निर्माण कराया था। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कभी स्वतंत्रता सेनानियों पर कोई टिप्पणी नहीं की। धर्म सिंह सैनी द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करने पर माफी मांगनी चाहिए। आशु मलिक खाताखेडी में एक निजी कार्यक्र में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी निधि से 70 लाख रूपये खाताखेडी में विकास कार्यो के लिए दिए हैं, जिसमें स्वतंत्रता सेनानी वीर अब्दुल हमीद स्मृति द्वार का निर्माण भी कराया जायेगा।

## खींचतान में फंसा पार्किंग बनाने का कार्य

रुड़की, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने रुड़की नगर निगम को नोटिस जारी कर चाट बाजार और रानी लक्ष्मीबाई पार्क पर वाहन पार्किंग बनाने के कार्य को तुरंत बंद कराने के निर्देश दिए हैं। रुड़की के व्यस्तम बाजारों में चोपहिया वाहनों के सड़कों पर खड़े होने से बाजारों में जाम की स्थिति बनी रहती है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी और एसएसपी ने भी रुड़की में अधिकारियों की बैठकली थी। जिसके बाद बाजार के निकट वाहन पार्किंग बनाने के लिए स्थानों का चिन्हीकरण किया गया था। जिसको लेकर रुड़की नगर निगम ने चाट बाजार और लक्ष्मी बाई पार्क पर वाहनों की पार्किंग बनाने की कार्य योजना भी तैयार कर ली थी। लेकिन यूपी सिंचाई विभाग ने नगर निगम को नोटिस देकर दोनों स्थानों पर वाहन पार्किंग बनाए जाने पर आपत्ति लगा दी है। नगर निगम को जारी नोटिस में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि उक्त भूमि यूपी सिंचाई विभाग की है। यदि नगर निगम उक्त भूमि पर वाहन पार्किंग का निर्माण कार्य कर रहा है तो उसे तुरंत रोक दे। कुल मिलाकर विभागीय लड़ाई का असर सीधे सीधे जनता पर ही पड़ने वाला है। सिविल लाइंस और उसके आसपास की सड़कों पर लगने वाले जाम से क्षेत्रवासियों को अभी निजात नहीं मिलने वाली। क्या कहते हैं अधिकारी यह दोनों स्थान वाहन पार्किंग के लिए चिन्हित किए गए थे। इसके चलते इन दोनों स्थानों पर वाहन पार्किंग बनाने के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी गई थी। लेकिन यूपी सिंचाई विभाग ने नोटिस देकर पार्किंग नहीं बनाने की बात कही है। पत्र की जानकारी जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

## 26 फरवरी को विधानसभा का घेराव करेंगे शिक्षा प्रेरक

जौनपुर, (आरएनएस)। आदर्श लोक शिक्षा प्रेरक वेलफेयर एसोसिएशन जनपद इकाई के सिरकोनी के ब्लाक अध्यक्ष अनिल यादव की अध्यक्षता में सद्भावना पुल के पास स्थित नवदुर्गा शिव मन्दिर पर रविवार को सम्पन्न हुई। इस मौके पर उपस्थित ब्लाक कोआर्डिनेटर प्रिंकेश ने कहा कि सरकार शिक्षा प्रेरकों के मानदेय में वृद्धि व नियमितीकरण का वादा भूल गयी है। इसका खामियाजा सरकार को आगामी चुनाव में भुगतान पड़ेगा। जिला उपाध्यक्ष राज यादव ने कहा कि सरकार की घिनौनी नीतियों की वजह शिक्षा प्रेरकों को 31 दिसम्बर 2017 जिले के 3028 प्रेरकों को एक साथ बेरोजगार कर दिया जबकि समय-समय पर हम शिक्षा प्रेरकों ने राज्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, विधायक आवास घेरो अभियान, पोस्टकार्ड भेजो अभियान, पोस्टर अभियान चलाकर सरकार को जगाने का प्रयास किया लेकिन सत्ते के नशे में सोयी सरकार की नींद नही खुल रही है। इसके विरोध हम उत्तर प्रदेश के समस्त शिक्षा प्रेरक 26 फरवरी को विधानसभा घेराव करके अपनी ताकत एहसास करायेंगे। इस अवसर पर सुनीता देवी, ग्रीसा, प्रतिमा, शिल्पा, रेखा, प्रेमलता, अरविंद, अशफाक, राकेश, विवेक मिश्र, श्याम कुमारी, सुमन सिंह, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुये ब्लाक सचिव आलोक रंजन भारती ने सभी के प्रति आभार जताया।

## श्री मां शारदा शक्तिपीठ की रजत जयंती पर कार्यक्रम 3 मार्च

जौनपुर,(आरएनएस)। श्री मां शारदा शक्तिपीठ की रजत जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 3 मार्च से शुरू होकर 5 मार्च तक चलेगा। यह आयोजन नगर के परमानतपुर में स्थित माता मैहर मन्दिर के प्रांगण में होगा। इस आशय की जानकारी देते हुये प्रधान न्यासी महंथ सूर्य प्रकाश जायसवाल ने बताया कि आज यह मन्दिर 25 वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस उपलक्ष्य में 4 मार्च को प्रातः 6 बजे से माता मन्दिर में विराज समस्त देव विग्रहों का दरबार सजाया जायेगा। अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग और महाआरती के साथ प्रातः 9 बजे से श्रीरामचरितमानस का संगीतमय अखण्ड पाठ होगा। इसी तरह 4 मार्च को सायं साढ़े 4 बजे से होली मंगल मिलन होगा जहां कवि सम्मेलन के साथ ब्रज की होली पर झांकी की प्रस्तुति होगी। श्री जायसवाल ने बताया कि 5 मार्च को प्रातः 6 बजे से मां शारदा, राम दरबार सहित अन्य देव विग्रहों का दरबार सजाने के साथ महाआरती होगी।

## माघ महोत्सव में लोक गायक विरेन्द्र के गीतों की रही धूम

देहरादून, (आरएनएस)। उत्तराखंड सांस्कृतिक माघ महोत्सव के दूसरे दिन लोक गायिका संगीता ढौंडियाल और लोक गायक विरेंद्र राजपूत के गीतों की धूम रही। गीतों की शानदार प्रस्तुति पर दर्शक खूब झूमे। महोत्सव में पांडव नृत्य ने भी समां बांधा। अजबपुर कलां के टिहरी नगर मैदान में जौनसार बावर क्षेत्र विकास समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ बदरीनाथ विधायक महेंद्र भट्ट ने किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की अनूठी संस्कृति है। इसे संरक्षित रखने के लिए इस तरह के प्रयास जरूरी है। इसके बाद लोक गायक संगीता ढौंडियाल, विरेंद्र राजपूत समेत अन्य कलाकारों ने अपने गीत और नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से समां बांधा। पिंडर घाटी कला मंच के कलाकारों ने पांडव नृत्य पेश किया। स्वच्छ भारत, गंगा, यमुना और पलायन पर चलो गांव की ओर नाटक का मंचन हुआ। इस मौके पर भाजपा पूर्व महानगर अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र जुगरान, भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सौरभ थपलियाल, भाजपा प्रदेश सचिव सुनिल उनियाल, मधु भट्ट, समिति के अध्यक्ष गीताराम गौड़, सचिव रघुवीर सिंह राणा, सुशील गौड़, मुकेश पंवार, दिनेश पंवार, रघुवीर राणा, गोपाल कैंतुरा, गिरीराज उनियाल,सुरेंद्र शर्मा,जगदंबा नौटियाल, जमुना डंगवाल, मंजीत नेगी, विजय राणा मौजूद रहे।

## एनएसयूआई ने फूंका सीपीएम का पुतला

देहरादून,(आरएनएस)। केरल में एक सभा के दौरान एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज खान पर हुए हमला का दून में भी विरोध हुई है। एनएसयूआई की उत्तराखंड इकाई ने सीपीआईएम(एम) के खिलाफ प्रदर्शन किया। डीएवी कॉलेज गेट पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी की अगुवाई में छात्र नेताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हुए हमले का लोकतंत्र की हत्या करार दिया और कहा कि एनएसयूआई इस तरह की हिंसात्मक राजनीति का विरोध करता है। इस मौके पर डीएवी कॉलेज गेट पर सीपीआईएम का पुतला भी फूंका गया। प्रदर्शन करने वालों में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर, जिलाध्यक्ष सौरभ ममगाई, विजय बिष्ट, महेशानंद, दीपक रावत, उदित, कलम सिंह, सौरभ, प्रदीप कुंवर, अंकित बिष्ट, गब्बर सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## समाजसेवी सरदार तरनजीत सिंह ने किया शरीर दान

जौनपुर। (आरएनएस) जी.एन.एफ सोसाइटी के अध्यक्ष व समाज के प्रति सजग रहने वाले समाज सेवी सरदार तरनजीत सिंह ने मरणोपरांत अपना शरीर जरूरतमंदों को दान करने का फैसला किया है। समय-समय पर जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने वाले श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शरीर रचना विभाग में अपने मृत्युपरान्त शरीर को संस्था को देने और जरूरतमंदों की मदद के लिये अपना ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रति एक अच्छी और नेक दिल सोच रखने वाले श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने शरीर रचना विभाग चिकित्सा विज्ञान संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी को शपथ पत्र देते हुये अनुरोध किया कि मेरे मरने के बाद पार्थिव शरीर को रचना विभाग या निकटतम चिकित्सा विज्ञान संस्थान को सुपुर्द कर दिया जाय। मेरे मृत शरीर को चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान की प्रगति के लिये जो भी तरीका सबसे अधिक लाभकारी माना जाय, इस्तेमाल किया जाय।

## जफराबाद में सपा की बैठक में भाजपा पर हुआ जोरदार प्रहार



जौनपुर, (आरएनएस)। जनपद के सिरकोनी क्षेत्र के हूंसेपुर गांव में युवा सपा नेता प्रमोद कुमार के यहां सपाइयों ने कार्यकर्ता सम्मेलन एवं नुक्कड़ सभा किया जहां सांसद तूफानी सरोज ने भाजपा सरकार पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम में जुटे दो दर्जन प्रधानों से चुटकी लेते हुये उन्होंने पूछा कि आपके खाते में 80-80 लाख रूपय तो आ गये होंगे। गांव का विकास खूब हो रहा होगा लेकिन प्रधानों ने कहा कि जो हम लोगों को पहले पैसा मिलता था, उसमें भी कटौती हो गयी है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास निर्माण के बहाने हम लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जा रहा है। सांसद तूफानी सरोज ने भाजपा सरकार को जुमलेबाजों की सरकार बताते हुये उनसे सावधान रहने की अपील किया। पूर्व डीजीसी राजेन्द्र टाइगर एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार के पास न कोई गिनती है और न ही कोई मुद्दा है। वरिष्ठ नेता डा. जेपी सिंह ने कहा कि हमें इस झूठी सरकार को 2019 में उखाड़ फेंकना है। इसके अलावा जय प्रकाश सहित तमाम वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर रत्नाकर चौबे, समरनाथ यादव, संजय, रमेश पाल, बसावन अग्रहरी, अनुराग शुक्ला, फिरकत खान, प्रधान बलिराम, शिव कुमार, विनय कुमार, प्रमोद यादव सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।